प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां
(अगस्त, 2017)

*****

प्रमुख घटनाएं एवं उपलब्धियां

1. भारत में यू.के. - इंडिया हेल्थकेयर कोलैबोरेशन (यूकेआईएचसीसी) द्वारा तोशिबा मेडिकल सिस्टम, यूनाइटेड किंगडम के सहयोग से 5,000 प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल क्लिनिकों की स्थापना के संबंध में दिनांक 17 अगस्त 2017 को सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) की अध्यक्षता में नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित हुई।
2. अपर सचिव (स्वास्थ्य) और श्री बखोदिर यूसूपालिएव, प्रथम स्वास्थ्य उप मंत्री के नेतृत्व में उजबेकिस्तान के शिष्टमंडल के बीच द्वीपक्षीय स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा करने हेतु दिनाक 22 अगस्त 2017 को नई दिल्ली में बैठक आयोजित हुई।
3. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 19 राज्यों को दिनांक 1 अगस्त 2017 से सार्वभौमिक औषधि संवेदनशीलता परीक्षण (यूडीएसटी) को कार्यान्वित करने का निर्देश जारी किया है।
4. दिनांक 08-10 अगस्त 2017 को डॉ. ईरिक गूस्बी, टी.बी. के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के विशेष प्रतिनिधि ने भारत का दौरा किया और भारत में आरएनटीसीपी के कार्यान्वयन और टी.बी. के उन्मूलन में हुई प्रगति पर चर्चा करने हेतु माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक और केंद्रीय टी.बी. प्रभाग के साथ विचार-विमर्श किया।
5. अगरतला नगर, गंगटोक नगर और इम्फाल नगर में केंद्र सरकार के कर्मचारियों, केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों और उनके आश्रित परिवार सदस्यों तथा अन्य लोगों को व्यापक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रत्येक नगर में केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत आरोग्य केंद्र (एलोपैथिक) की स्थापना की गई।
6. खसरा-रूबेला अभियान का दूसरा चरण अगस्त 2017 से शुरू हुआ। 26 अगस्त 2017 तक 5 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली, दमन और दीव तथा तेलंगाना) में इस अभियान के तहत लगभग 1.5 करोड़ बच्चों को टीके लगाए गए हैं।
7. विभिन्न लाभार्थी राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों/सरकारी विभागों को 236 एमबीबीएस और 40 बीडीएस केंद्रीय पूल की सीटों के आवंटन हेतु आदेश जारी किए गए हैं।
8. मेडिकल कॉलेजों के विभिन्न विभागों में संशोधित उपकरण सूची निर्धारित करने हेतु एमबीबीएस में प्रतिवर्ष 50/100/150/200/250 दाखिले के लिए न्यूनतम मानक अपेक्षा विनियम, 1999 में संशोधन किए गए हैं।
9. 37 डीएनबी सीटें बढ़ाई गई हैं। देश में अब 6478 डीएनबी सीटें हैं।
10. 1 (एक) दंत चिकित्साबकॉलेज से संबंधित एक बीडीएस तथा एक एमडीएस डिग्री की मान्यसता हेतु अधिसूचना जारी गई है।
11. माननीय उच्चसम न्यायालय /उच्च न्यायालयों के आदेशानुसार, मंत्रालय ने 57 कॉलेजों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्त तर्कसंगत आदेश जारी किए है।
12. एमसीआई के एक सदस्यं को अधिसूचित किया गया है।
13. राष्ट्रीय निरीक्षण और निगरानी समिति (एनआईएमसी) ने पीसी-एनडीटी अधिनियम, 1994 के तहत मामलों का निरीक्षण करने हेतु 22-24 अगस्तत 2017 के दौरान महाराष्ट्री का दौरा किया।
14. एनएचएम के तहत 3 कार्यक्रमों अर्थात् (क) स्वास्थ्य में मानव संसाधन (एचआरएच) एवं चिकित्सा शिक्षा (एमई), (ख) तृतीयक परिचर्या कार्यक्रम और (ग) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए वित्तव सचिव एवं सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में 16 अगस्त, 2017 को नई दिल्ली में संयुक्त व्यय वित्तत समिति (ईएफसी) की बैठक आयोजित की गई।

15. पूर्वोत्त र राज्योंयके बारे में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की 23 से 25 अगस्तत 2017 के दौरान शिलांग, मेघालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ अपर सचिव एवं महानिदेशक, नाको द्वारा किया गया। बैठक के दौरान, पूर्वोत्तै र राज्योंरके संबंध में जानपदिकीय रोग विज्ञान फैक्टकशीट, खंड-I तथा ब्लड बैंक रिपोर्ट के मूल्यांकन जारी किए गए।

16. अपर सचिव (स्वास्थ्य) एवं महानिदेशक (नाको) की अध्यक्षता में 17 अगस्त, 2017 को नाको, नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य माता- पिता से बच्चों में रोग संचरण रोकथाम कार्यक्रम (पीपीटीसीटी) से संबंधित मामलों पर चर्चा करना था।

17. दृष्टिहीनता नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत, अगस्त, 2017 माह में, लगभग मोतियाबिंद के लगभग 1.70 लाख ऑपरेशन किए गए, स्कूली बच्चों को लगभग 13,928 चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए तथा दान की हुई लगभग 2,654 आंखें एकत्रित की गईं।

******